रविवार
06 अगस्त, 2023
केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज





तैयारी... बिहार के नियोजित शिक्षकों को मिल सकता है राज्यकर्मी का दर्जा 2



# विधवा को मंदिर में प्रवेश से रोकने पर हाई कोर्ट ने जताई नाराजगी

- याचिका पर सुनवाई करते हुए मद्रास हाई कोर्ट ने की टिप्पणी, भगवान की पूजा करने से रोकने का किसी को अधिकार नहीं

**एजेंसी/चेन्नई**



मद्रास हाई कोर्ट ने एक विधवा को मंदिर में प्रवेश से रोकने पर नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने अपनी टिपण्णी में कहा कि ऐसा काम सभ्य समाज में नहीं हो सकता है। मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि किसी विधवा को मंदिर में प्रवेश से रोकने जैसी 'हठधर्मिता' कानून द्वारा शासित सभ्य समाज में नहीं हो सकती है। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि एक महिला की अपनी व्यक्तिगत पहचान होती है। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी विधवा को मंदिर में प्रवेश करने से रोकने का कोई प्रयास किया जाता है, तो उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। हाई कोर्ट ने कहा कि यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक विधवा महिला के मंदिर में प्रवेश करने से मंदिर के अपवित्र होने जैसी पुरानी मान्यताएं राज्य में बरकरार हैं। न्यायमूर्ति एन. आनंद वेंकटेश ने थंगमणि द्वारा दायर एक याचिका का निपटारा करते हुए अपने आदेश में यह टिप्पणी की।

याचिकाकर्ता ने इरोड जिले के नाम्बियुर तालुका स्थित पेरियाकरुपरायण मंदिर में प्रवेश के लिए उन्हें और उनके बेटे को सुरक्षा देने के वास्ते पुलिस को निर्देश देने का अनुरोध किया। वह नौ अगस्त से होने वाले दो-दिवसीय मंदिर महोत्सव में हिस्सा लेना चाहती थीं और उन्होंने पिछले महीने इस संबंध में ज्ञापन भी दिया था। याचिकाकर्ता के पति उक्त मंदिर के पुजारी हुआ करते थे। तमिल 'आदि' महीने के दौरान मंदिर समिति ने नौ और 10 अगस्त, 2023 को एक उत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया है।

याचिकाकर्ता और उनका बेटा महोत्सव में भाग लेना और पूजा करना चाहते थे। आरोप है कि दो व्यक्तियों- अयावु और मुरली ने उन्हें (महिला को) यह कहते हुए धमकी दी थी कि उन्हें मंदिर में प्रवेश नहीं करना चाहिए, क्योंकि वह एक विधवा हैं। इसके बाद महिला ने पुलिस सुरक्षा देने के लिए अधिकारियों को एक ज्ञापन दिया और जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया।

अदालत ने कहा कि एक महिला की अपनी व्यक्तिगत पहचान होती है और उसे उसकी वैवाहिक स्थिति के आधार पर किसी भी तरह से कम नहीं किया जा सकता या छीना नहीं जा सकता है। न्यायाधीश ने कहा कि अयावु और मुरली को याचिकाकर्ता तथा उनके बेटे को मंदिर महोत्सव में शामिल होने एवं भगवान की पूजा करने से रोकने का कोई अधिकार नहीं है।

याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि थंगमणि और उनका बेटा मंदिर उत्सव में भाग लें और अगर कोई कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# पबजी खेल के आदी हो चुके बेटे ने मां-बाप को मार डाला

## झांसी का मामला... मानसिक हालत ठीक नहीं थी

**एजेंसी/झांसी**



उत्तर प्रदेश के झांसी जिले से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। जहां एक पबजी एडिक्ट बेटे ने अपने ही बुजुर्ग मां-बाप की बेहरमी से हत्या कर दी। माता-पिता के कत्ल के बाद आरोपी ने पहले नहाया, फिर नए कपड़े पहनकर कमरे में जाकर आराम फरमाने लगा। हैरानी की बात यह है कि पुलिस आने के बाद आरोपी खाट पर लेटा हुआ मिला। उसने इतना बड़ा क्राइम किया, लेकिन उसके चेहरे पर सिकन तक नहीं थी।

दरअसल, यह शाकिंग वारदात झांसी के नवाबाद थाना क्षेत्र के पिछौर की है। जहां 26 साल के अंकित नाम के बेटे ने पिता लक्ष्मी प्रसाद (58) और मां विमला (55) की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी पबजी का एडिक्ट हो गया था। वह दिन रात मोबाइल में गेम ही खेलता था। इसी गेम चलते उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी। जब कभी माता पिता उसको गेम नहीं खेलने के लिए टोकते तो वह उनके साथ विवाद करने लग जाता था। हो सकता है कि घटना के वक्त भी माता-पिता ने उसे टोका और उसने दोनों की हत्या कर दी।

बता दें कि मृतक लक्ष्मी प्रसाद पलरा के सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल थे। उनका एक बेटा अंकित और तीन बेटिया हैं, दो बेटी नीलम और सुंदरी की शादी हो चुकी है। जबकि छोटी बेटी शिवानी पढाई कर रही है। वहीं आरोपी बेटा मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता था। लेकिन वह पबजी का एडिक्ट हो चुका था। दिन-रात पबजी ही खेलता रहता था। इसी कारण उसका मानसिक संतुलन भी बिगड़ गया था। गेम को लेकर वो माता-पिता और बहनों से कई भार झगड़ चुका था।

## मौका... आईटीबीपी में कॉन्सटेबल के पद के लिए 10 अगस्त तक भरे जाएंगे फॉर्म

**नई दिल्ली।** आईटीबीपी में कॉन्सटेबल के पद पर आवेदन करने की लास्ट डेट 10 अगस्त हो गई है। ऐसे कैंडिडेट्स जो इच्छुक होने के बावजूद किसी वजह से अब तक अप्लाई न कर पाए हों, वे फॉर्म भर सकते हैं। ऐसा करने के लिए उन्हें आईटीबीपी की ऑफिशियल वेबसाइट recruitment.itbpolice.nic.in. पर जाना होगा।

इस रिक्रूटमेंट ड्राइव के माध्यम से कुल 458 कॉन्सटेबल (ड्राइवर) पद पर भर्ती होगी। इन पदों के लिए केवल ऑनलाइन अप्लाई किया जा सकता है। किसी और माध्यम से किए गए आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। डिटेल जानने के लिए भी ऊपर बतायी गई वेबसाइट पर जा सकते हैं। इन पद पर आवेदन करने के लिए कैंडिडेट्स का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं या इसके समकक्ष पास होना जरूरी है। इसके साथ ही कैंडिडेट के पास हेवी व्हिकल ड्राइविंग लाइसेंस भी होना चाहिए। जहां तक आयु सीमा की बात है तो इन वैकेंसी के लिए 21 से 27 साल तक के कैंडिडेट्स आवेदन कर सकते हैं।

## जातीय-संघर्षों की आग में झुलस रहा पूर्वोत्तर राज्य, बिष्णुपुर जिले में हुई घटना

# मणिपुर में भड़की हिंसा में तीन की मौत

- एहतियात के तौर पर दिन का कर्फ्यू फिर से लागू कर दिया गया है
- प्रदर्शनकारियों को भगाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे

**एजेंसी/इंफाल**



पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में जातीय-संघर्षों के बीच हिंसा का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। संघर्षों के नवीनतम घटनाक्रम में शुक्रवार देर रात बिष्णुपुर जिले में हिंसा की ताजा घटनाओं में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों के मुताबिक, मृतक कथित तौर पर क्वाक्टा इलाके के मैतेई समुदाय से हैं। इन घटनाओं में हत्याओं के अलावा कुकी समुदाय के कई घरों को जलाना भी शामिल है। हिंसा का यह नया मामला मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में गुरुवार को सशस्त्र बलों और मैतेई समुदाय के प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में 17 लोगों के घायल होने के दो दिन बाद सामने आया है। घटना के बाद, इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम के अधिकारियों ने क्षेत्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पहले घोषित कर्फ्यू में ढील वापस ले ली। एहतियात के तौर पर दिन का कर्फ्यू भी फिर से लागू कर दिया गया है।

सशस्त्र बलों और मणिपुर पुलिस ने जिले के कांगवई और फौगाकचाओ इलाकों में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे। जानकारी के अनुसार, यह घटना तब हुई जब मैतेई महिलाएं जिले में एक बैरिकेड क्षेत्र को पार करने का प्रयास कर रही थीं। उन्हें असम राइफल्स और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने रोक दिया, जिससे समुदाय और सशस्त्र बलों के बीच पथराव और झड़पें हुईं।

### सुरक्षा बलों और उपद्रवियों के बीच फायरिंग

इस बीच सशस्त्र बलों और उपद्रवियों के बीच गोलीबारी भी हुई, जिसमें कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने उपद्रवियों पर जवाबी कार्रवाई भी की। मणिपुर पुलिस का कहना है कि स्थिति फिर से बेकाबू हो गई है। हथियार और गोला-बारूद लूटे गए हैं। सुरक्षाबलों और उपद्रवियों के बीच गुरुवार की शाम को हिंसक झड़प हुई थी। हालात को काबू करने के लिए सुरक्षा बलों को हवाई फायरिंग के साथ आंसू गैस के गोले भी छोड़ने पड़े। इसके साथ ही मणिपुर के इंफाल और पश्चिमी इंफाल जिलों में कर्फ्यू में दी गई ढील वापस ले ली गई। वहीं मणिपुर पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) ने एक संयुक्त अभियान में सात अवैध बंकरों को ध्वस्त कर दिया है। ये बंकर कौट्रुक पहाड़ी श्रृंखला पर स्थित थे।

### मणिपुर में तीन मई को पहली बार हुई थी हिंसा

मणिपुर में 3 मई को सबसे पहले जातीय हिंसा की शुरूआत हुई थी। मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किया था। तब पहली बार मणिपुर में जातीय झड़पें हुईं। हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की जान चली गई और सैकड़ों लोग घायल हो गए। मणिपुर की आबादी में मैतेई समुदाय की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं। कुकी और नागा समुदाय की आबादी 40 प्रतिशत से ज्यादा है। ये लोग पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

# गंगा में नौका संचालन बंद, फिर भी नाविक करा रहे लोगों को सैर

**एजेंसी/वाराणसी**

गंगा में उफान आने के बाद वाराणसी में पुलिस ने गंगा में नौका संचालन अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया है। बावजूद इसके नाविक पर्यटकों को गंगा की सैर करा रहे हैं। शनिवार दोपहर बाद राजघाट से दशाश्वमेध घाट के बीच नौकायन होता दिखा। इतना ही नहीं छोटी नावों पर बिना लाइफ जैकेट और क्षमता से अधिक सवारियों को बैठा कर नावें चलाई जा रही थीं। वहीं दूसरी और गंगा के वेग में इजाफा होने और नौका संचालन से रोक के बाद तट पर नौकाओं ने लंगर डाल दिए। नाविकों ने भी सुरक्षा के लिहाज से कुछ दिनों तक नौका का संचालन बंद करने का फैसला लिया है। गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए शनिवार दोपहर दो बजे से जिला प्रशासन की ओर से गंगा नदी में मोटर बोट और नाव संचालन पर रोक लगा दिया गया। गंगा के जलस्तर में तीन सेंटीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ोतरी हो रही है। बीते 24 घंटे में गंगा के जलस्तर में 60 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441



! मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा
शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा,

## सम्राट चौधरी बोले... बिहार में लोकतंत्र पूरी तरह समाप्त हो गया है



**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि बिहार में लोकतंत्र पूरी तरह समाप्त हो गया है। नीतीश कुमार की सरकार लगातार अपराधी और गुंडे की तरह बर्ताव कर रही है। हमारे भागलपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित पांडेय शांतिपूर्ण तरह से धरना प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें उठाकर बेरहमी से पीटा। मीडिया के साथी को भी पीटा गया। यह लोकतंत्र की हत्या है। नीतीश कुमार लोकतंत्र को शर्मसार करवा रहे हैं। अगर नीतीश कुमार को नैतिकता लगता हो तो तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

सम्राट चौधरी ने कहा महागठबंधन में कुछ लोग सोच रहे हैं कि दो नेता के मिल जाने से एनडीए को चुनौती दे देंगे। बिहार हम जीत लेंगे। हमलोगों ने विधानसभा में चुनौती देते हुए 3 में से 2 सीट जीत लिया। इसी तरह हमलोग लोकसभा में 40 के 40 सीट जीत लेंगे। संसद में पूरे दुनिया ने देखा कि जदयू के नेता (ललन सिंह) ने बयानबाजी की। पूरी दुनिया ने देखा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने एक

## शिक्षकों के मामले पर मुख्यमंत्री आवास पर हुई महत्वपूर्ण बैठक

# तैयारी... बिहार के नियोजित शिक्षकों को मिल सकता है राज्यकर्मी का दर्जा

♦ बैठक के बाद राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि ने कहा कि बेहद सकारात्मक बातचीत हुई है और सभी बातें सुनी गयी जल्द ही सामने आएंगे इसके परिणाम



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री आवास पर शनिवार की शाम को शिक्षकों के मामले पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, शिक्षा मंत्री और महागठबंधन के घटक दलों के प्रतिनिधि के साथ मुख्य सचिव और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव भी इस बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि ने कहा कि बेहद सकारात्मक बातचीत हुई है और सभी बातें सुनी गयी जल्द ही इसके परिणाम सामने आएंगे। सरकार के इस सकारात्मक कदम से राज्य के करीब चार लाख नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के रास्ता साफ हो जाएगा। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बैठक में कहा कि समस्या के बारे में अधिकारियों के साथ बात करेंगे। मामला कई विभागों से संबंधित है। राज्य कैबिनेट से स्वीकृति लेनी होगी।

वहीं शिक्षक संघ के नेताओं ने भी इस बैठक पर संतोष जताया है जबकि कुछ शिक्षक नेताओं ने कहा कि 15 अगस्त तक हक में बात नहीं आती है तब आगे की रणनीति बनाकर आंदोलन तेज किया जायेगा।

महागठबंधन घटक दल के नेता मुख्यमंत्री आवास में शिक्षक मसले पर विचार विमर्श के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद पहल की थी कि इस मामले को गंभीरता से देखा जायेगा। सभी दलों के नेता और शिक्षक क्षेत्र से जुड़े विधान पार्षद भी इसमें शामिल हुए, लगभग दो घंटा से कुछ कम समय तक चली बैठक में सभी दलों की राय ली गयी और अपनी अपनी बातों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कराया। बैठक के बार बाहर आएं नेताओं ने कहा कि बेहद संतोषप्रद और सकारात्मक बैठक हुई है। जल्द ही इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे,पहले से पढ़ा रहे शिक्षकों को बीपीएससी का एग्जाम न देना पड़े और राज्यकर्मियों के दर्जा मामले पर भी सकारात्मक बात सामने आयी।

शिक्षक संघ के नेता राजू सिंह ने कहा कि शिक्षकों की नजर इस महत्वपूर्ण बैठक पर टिकी थी और बैठक के बाद बाहर आये जनप्रतिनिधियों के बयान से शिक्षक संघ के जयादातर नेता संतुष्ट दिखे जबकि कुछ शिक्षकों ने संसय की स्थिति में कहा कि जबतक मांग पूरा नहीं हो जाता तब तक कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन इस प्रयास के लिए वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताते है यदि 15 अगस्त तक बाते नहीं सुनी गयी तब आगे की रणनीति बनाकर सड़क पर उतरा जायेगा। शिक्षकों के मामले पर इस बैठक के बाद ज्यादातर शिक्षक और शिक्षक संघ संतोष जताते हुए इंतजार करेंगे कि जल्द उनकी मांगे पूरी हो जाएं, कुछ शिक्षक संघ के नेता इसे संशय से देखते हुए आगे की कार्ययोजना भी बनाने में जुटे हैं लेकिन ज्यादातर शिक्षण ने शनिवार की बैठक पर संतोष जताते हुए सरकार के सकारात्मक पहल की सराहना की है।

## पटना में इलेक्ट्रिक दुकान से तीन लाख रुपए की लूट

**पटना।** राजधानी पटना में एक बार फिर से अपराधियों ने पुलिस को ठेंगा दिखाते हुए एक बड़ी लूट की घटना को अंजाम दे दिया है। मामला अगम कुआं थाना क्षेत्र के अगमकुआं आरओबी के पास पंकज इलेक्ट्रिक की है। जहां पर विनोद कुमार नाम के व्यक्ति की इलेक्ट्रिक दुकान है और उसी दुकान में शुक्रवार की रात अपराधियों ने तीन लाख नगद और दुकानदार के सोने की चेन और अंगूठी लूटकर भाग निकले। घटना के बारे में पीड़ित दुकानदार विनोद कुमार ने बताया कि अपाचे मोटरसाइकिल है दो अपराधी हेलमेट पहने दुकान में घुसे और दुकान में मौजूद 3 लोगों में से 2 लोगों को गन प्वाइंट पर लेकर उसे रूम में बंद कर दिया अगले ही पल फिर दुकानदार मालिक को भी गन प्वाइंट पर लेकर उसके गले की चेन सोने की अंगूठी और कैश बॉक्स में रखे ?3 लाख नगद लूट ली है और फिर पिस्टल लहराते हुए लुटेरे भागने में कामयाब रहे।

घटना की सूचना तत्काल अगम कुआं थाना को दी गई। जिसके बाद मौके वारदात पर पुलिस पहुंची घटना की जानकारी लेने में लगी रही। हालांकि जिस तरह से राजधानी पटना में जिस तेजी के साथ अपराध बढ़ी है उससे सुशासन पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। अगम कुआं थाना के थानेदार सुधीर कुमार ने कहा है कि दो अपराधी दुकान से लूटपाट कर भाग निकले जिसकी जांच जारी है।

## एक नजर

### तेजस्वी यादव ने मोदी सरकार पर बोला हमला... कहा, जो लड़ेगा वही जीतेगा



**पटना।** उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने केंद्र की मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि जो लड़ेगा वही जीतेगा, जो डरेगा वह हारेगा। राजद सुप्रीमो लालू यादव के साथ शनिवार को दिल्ली से पटना पहुंचे तेजस्वी यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पर न्यायालय का जो फैसला आया है वह स्वागतयोग्य है। साथ ही इससे यह साबित हुआ है कि विपक्षी दलों के नेताओं को परेशान किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय पर निशाना साधते हुए तेजस्वी ने कहा कि यह सर्वविदित है कि विपक्ष के सभी नेताओं को तंग किया जा रहा है। तेजस्वी ने राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से मिली फौरी राहत को उनके द्वारा लड़ी गई लड़ाई की जीत बताते हुए कहा कि इससे साबित हुआ है कि जो लड़ेगा वही जीतेगा, जो डरेगा वह हारेगा।

### बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश बोले... पार्टी को उचित भागीदारी, उचित हिस्सेदारी मिलेगी

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद सुप्रीमो लालू यादव के बीच मुलाकात के बाद अब बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश सिंह ने मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर शनिवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बिहार आने के बाद राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार की तिथि तय हो जाएगी। बिहार आने के बाद तेजस्वी की मुख्यमंत्री से मुलाकात होगी और उसके बाद सारी बातें तय कर ली जाएगी। अखिलेश ने दावा किया कि तेजस्वी यादव ने बोला है कि वे पटना आएंगे और मुख्यमंत्री से बात कर मंत्रिमंडल विस्तार की तिथि फाइनल कर ली जाएगी। वहीं बिहार में गठित बोर्ड और आयोग में कांग्रेस के नेताओं को शामिल नहीं करने पर अखिलेश ने कहा कि अभी सब कुछ समाप्त नहीं हुआ है। फिलहाल सिर्फ 7, 8 आयोग बना है। हम लोगों को भी जगह मिलेगा। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस को नजरअंदाज करके कोई कैसे मामला चल सकता है। इसीलिए हम आश्वस्त करते हैं कि कांग्रेस को उचित भागीदारी, उचित हिस्सेदारी मिलेगी। हालांकि अखिलेश ने यह नहीं बताया कि मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस को कितनी सीटें मिलेंगी।

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को
एमआर टीसीएल कंस्ट्रक्शन की तरफ से हार्दिक बधाई



AMRTCL CONSTRUCTIONS
Your Trust & Our Services

A Revolutionary Initiative
Towrds STARTUP
IN the feild of Environment- Agriculture - Power Projects With vision and ultimate aim to Create opportunity for unemployed youths

- LLP Registration-MCA AAO-7219
- PAN-ABOFA5577F
- Professional Tax-192129691494
- GSTN-19ABOFA5577FIZZ
- MSME-UDYAM-WB-18-0011126

Moments and Accolades







Registered Address : 43, Adiganga Road, Kolkata, West Bengal-700070. | Email-amrtc19@gmail.com | Mobile No-+91 9836059400

## खबरें फटाफट

### खनन विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बालू लदे 8 ट्रक जब्त

**डुमरांव।** शनिवार की सुबह नया भोजपुर ओपी पुलिस व खनन विभाग की टीम ने प्रताप सागर में एनएच 922 पर अभियान चला बालू लदे 8 ओवर लोडेड ट्रकों को जब्त किया है। जब्त ट्रकों को नया भोजपुर ओपी थाने में रखा गया है। जिनपर जुमार्ना की राशि निर्धारित की जा रही है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि विशेष अभियान के तहत ट्रकों को जब्त किया गया है। वही पुलिस तथा खनन विभाग की इस कार्रवाई से ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया था।

### 7 को सीएम करेंगे अनुसूचित जाति विद्यालय का उद्घाटन

**केसठ।** प्रखंड के रामपुर स्थित अनुसूचित जाति विद्यालय एवं छात्रावास का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 7 को वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए उद्घाटन करेंगे। इसको लेकर छात्रवास और विद्यालय में आधिकारियों का आना जाना लगा हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय ने कहा कि करोड़ों की लागत से अनुसूचित जाति विद्यालय एवं छात्रावास बन कर तैयार हो गया है। ठेकेदारों द्वारा विभाग को हैंड ओवर कर दिया गया है। वही 7 अगस्त को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। वहीं उन्होंने बताया कि जिला सहित पटना प्रमंडल के अधिकारियों का आना जाना लगा हुआ है। साथ ही उन्होंने बताया कि उद्घाटन को लेकर पंचायत में एक टीम का भी गठन किया गया है।

## डुमरांव-रघुनाथपुर सहित पांच स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास आज

# डीआरएम ने डुमरांव स्टेशन का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

- पीएम नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेसिंग से करेंगे उदघाटन
- डुमरांव में बनेगा चार प्लेटफार्म बढ़ेगी यात्री सुविधाएं

**केटी न्यूज/बक्सर**



रविवार को दानापुर मंडल के डुमरांव सहित कुल पांच स्टेशनों के कयाकल्प की आधारशीला रखी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डिजीटल तरीके से इसका उदघाटन करेंगे। जबकि डुमरांव में केन्द्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे समेत भाजपा के कई दिग्गज, डीआरएम समेत रेलवे के वरीय पदाधिकारी व आम आवाम मौजूद रहेंगे। उदघाटन समारोह के लिए एक सप्ताह पहले से ही रेलवे द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। पूर्व संध्या पर दानापुर मंडल के डीआरएम जयंत कुमार चौधरी अपने विशेष सैलून से डुमरांव तथा रघुनाथपुर स्टेशनों पर पहुंच तैयारी का जायजा लिए तथा अपने मातहतों को कई आवश्यक निर्देश दिए।

डीआरएम सबसे पहले डुमरांव स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर बनाए जा रहे मंच तथा पब्लिक के बैठने की जगह को ध्यान से देखा। इस दौरान उन्होंने कहा डुमरांव में दो कैमरा लगाया जाएगा। एक कैमरा डिजीटल बोर्ड की तरफ होगा तो दूसरा पब्लिक की तरफ। उन्होंने बैरेकेडिंग, अतिथियों के बैठने की जगह, साफ सफाई सहित कई अन्य बिंदुओं पर जायजा लिया। बता दें कि अमृत भारत योजना के तहत दानापुर मंडल के डुमरांव, रघुनाथपुर, बिहिया, आरा व दिलदारनगर स्टेशनों का कायाकल्प किया जाना है। रविवार को इसका शिलान्यास हो जाएगा। इस योजना के तहत डुमरांव में 39 करोड़ की लागत से कई विकास योजनाओं को पूरा किया जाएगा। जिसके तहत डुमरांव में प्लेटफार्मों की संख्या बढ़ाने, प्लेटफार्म के पूर्वी छोर से पश्चिमी छोर तक कुल 20 बड़े यात्री शेड का निर्माण, आरोबी व एफओबी निर्माण, शौचालय, पेयजल व्यवस्था सहित कई अन्य सुविधाए प्रदान की जाएगी। डीआरएम ने कहा कि शिलान्यास के साथ ही सभी स्टेशनों पर विकास कार्य शुरू हो जाएंगे।

कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी सीनियर डीईएन गति शक्ति प्रतीक रस्तोगी, सहायक सुरक्षा आयुक्त सैय्यद निहाल हसन, टीआई रवि भूषण, स्टेशन प्रबंधक सचिंद्र कुमार, एईएन राजेश मीणा, स्टेशन मास्टर धर्मवीर सिंह, आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, सीटीआई धीरेन्द्र सिंह, आईओडब्ल्यू के बी तिवारी, पोस्ट प्रभारी सुनील कुमार सिंह मौजूद थे।

### पीएम के कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने की बैठक

**डुमरांव।** शनिवार को भाजपा जिला इकाई की बैठक डुमरांव के चाणक्य कॉलोनी स्थित न्यू वुड स्कूल परिसर में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने व संचालन जिला महामंत्री निर्भय राय ने किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत डुमरांव और रघुनाथपुर स्टेशनों का जीर्णोद्धार रविवार को होने जा रहा हैं। जिसका वर्चूवल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे और शिक्षक एमएलसी जीवन कुमार रहेंगे। बैठक में भाजपा के लोकसभा संयोजक अनिल स्वामी, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार सिंह, लोकसभा संयोजक राजवंश सिंह आदि ने संबोधित किया। मौके पर जिला महामंत्री इंद्रलेश पाठक, डुमरांव ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ बबलू पाठक, डुमरांव नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा व अन्य मौजूद थे।

## सकड्डी से चोरी हुई छड़ लदी ट्रैक्टर बक्सर से बरामद, दो गिरफ्तार

- कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया टोल टैक्स स्थित सकड्डी गांव के पास से चोरों ने उड़ा दी थी ट्रैक्टर
- बरामद छड़ की कीमत 4 लाख 53 हजार 941 रुपए

**केटी न्यूज/बक्सर**



भोजपुर जिला से चोरी गई छड़ लदी ट्रैक्टर को बक्सर पुलिस ने औद्योगिक थाना क्षेत्र से बरामद किया है। पुलिस ने दो चोरों को भी गिरफ्तार किया है। कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया टोल टैक्स स्थित सकड्डी गांव के पास से शुक्रवार की रात लोहे की सरिया लदी एक ट्रैक्टर की चोरों ने चोरी कर ली थी। जिसे शनिवार को औद्योगिक थाना पुलिस ने भाजपा के नव निर्मित कार्यालय के पास से बरामद कर लिया है। चोरी गई ट्रैक्टर आरा के अंजनी कुमार श्रीवास्तव उर्फ आजाद श्रीवास्तव की थी। उन्होंने भोजपुर पुलिस को चोरी की सूचना देने के साथ ही बताया था कि चोर उसे लेकर बक्सर की तरफ भाग रहे हैं।

आरा पुलिस की सूचना पर औद्योगिक थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने घेराबंदी शुरू की। इस दौरान थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर बांध रोड में नवनिर्मित भाजपा कार्यालय के समीप दो चोरों के साथ ट्रैक्टर को पुलिस ने बरामद कर लिया। गिरफ्तार चोर सगे भाई है तथा उनकी पहचान अमरेश ठाकुर व समरेश ठाकुर पिता सीता शरण ठाकुर निवासी मधुबनी जिले के भैयापट्टी गांव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि जांच में पता चला है कि ट्रैक्टर चोरी के दोनों अभियुक्त पिछले 10 सालों से बक्सर में ही रहकर सीमेंट छड़ का काम करते थे। वहीं जांच में पुलिस को मालूम हुआ है कि ट्रैक्टर मालिक के यहां दोनों अभियुक्त वर्ष 2015 से 2018 तक सेल्स मैन के तौर पर कार्यरत भी थे। बरामद माल की कीमत 4 लाख 53 हजार 941 रुपए बताई जा रही है।

### जनता दरबार में दो मामलों का सीओ ने किया निष्पादन

**नावानगर।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को जमीन विवाद जनता दरबार में चार मामला पहुंचा था। जिसकी सुनवाई करते हुए सीओ अजीत कुमार ने दो मामला का निष्पादन किया। जबकि दो मामलों में एक पक्ष ही उपस्थित थे। ऐसे में मामला का निष्पादन नहीं हो सका। इन दोनो मामला का सीओ ने अगली जनता दरबार में सुनवाई कर निष्पादन करने का समय निर्धारित किया। जिसमें दोनों पक्ष कागजात के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। सीओ अजीत कुमार ने बताया कि जनता दरबार में चार मामला पहुंचा हुआ था। जिसमें दो मामला का निष्पादन दोनों पक्ष के कागजात जांचोपरांत की गई।

## एक नजर

### स्थानांतरण के बाद व्यवहार न्यायालय के दंडाधिकारियों को दी गई भावभीनी विदाई



**बक्सर।** शनिवार को व्यवहार न्यायालय के युवा अधिवक्ताओं के द्वारा वर्तमान अवर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, बक्सर संतोष कुमार को सासाराम का मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अवर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, बक्सर सुश्री क्षिप्रचला अंजलि को भभुआ का मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं अवर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सीमा कुमारी को मोतिहारी का मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी बनाये जाने पर भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान उनके द्वारा किए गये न्यायिक निर्णयों की सराहना करते हुए सभी युवा अधिवक्ताओं ने कहा कि उनके न्याय निर्णय आजीवन याद रहेंगे। वही बक्सर में ही पदस्थापित अपर जिला न्यायाधीश प्रथम संदीप सिंह भी पदोन्नत होकर मोतिहारी के प्रिंसिपल जज होकर जा रहे हैं। अधिवक्ता कुमार मानवेन्द्र की अगुवाई में युवा अधिवक्ताओं की शिष्टाचार मुलाकात में न्यायाधीश ने बार एवं बेंच के मध्य संबंधों पर प्रकाश डाला एवं युवा अधिवक्ताओं की तारीफ की। इसी क्रम में उन्होंने बक्सर के पौराणिक अस्तित्व पर प्रकाश डाला और भगवान वामन देव की नगरी में पुनः पदस्थापन की इच्छा भी अभिव्यक्त की। उक्त अवसर पर युवा अधिवक्ता राघव कुमार पाण्डेय, राजेश कुमार, अजय पाण्डेय, शुभम उपाध्याय, सोनू चौबे, विजय भूषण सहाय, पैरा लीगल वॉलंटियर सुंदरम कुमार आदि शामिल थे।

### एसटीएफ को मिली बड़ी सफलता, 50 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी गुड्डू गिरफ्तार


**पटना।** बिहार में अपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन बेखौफ अपराधी आपराधिक घटना को अंजाम देकर चलते बन रहे हैं। वहीं पुलिस के द्वारा भी इन अपराधियों पर नकेल कसने की कोशिश की जा रही है। पुलिस लगातार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। इसी कड़ी में बिहार एसटीएफ को बड़ी सफलता हासिल हुई है। दरअसल, शनिवार को बिहार एस.टी.एफ. के विशेष टीम के द्वारा खगड़िया जिला का पचीस हजार रुपए का इनामी एवं कुख्यात को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी गड्डू कुमार पिता-किशोरी सिंह उर्फ राजकिशोर सिंह है। पुलिस के द्वारा कुख्यात की कई दिनों से तलाश की जा रही थी। बता दें पुलिस ने कुख्यात की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। वहीं पुलिस ने अब इस कुख्यात को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने कुख्यात को परबत्ता थाना आर्म्स एक्ट के आरोप में तलाश कर रही थी। वहीं बिहार एसटीएफ की टीम ने कुख्यात अपराधी को खगड़िया के परबत्ता थानान्तर्गत बगुलबा ढाला से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त अपराध के विरूद्ध खगड़िया जिला के परबत्ता थाना में हत्या, अपहरण, लूट, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 11 (ग्यारह) कांड दर्ज है। गुड्डू की गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी सफलता मान रही है। इससे कई मामलों का उद्भेदन की संभावना है।



# आई फ्लू से बचें... संक्रमित व्यक्ति के रूमाल, तौलिया व चादर का न करें इस्तेमाल

- मानसून के दौरान उमस व गर्मी के कारण तेजी से फैल रहा आई-फ्लू
- आंखों को गंदे हाथों से न छुएं, साफ पानी से धोते रहें

**केटी न्यूज/बक्सर**



बरसात के समय में उमस व गर्मी के कारण आई फ्लू यानी कंजेक्टविाइटसि जिले में तेजी से फैल रही है। शहरी हो या ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मरीज आई-फ्लू से पीड़ित होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। यहां तक कि सदर अस्पताल में भी मरीजों के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में आई-फ्लू के संक्रमण प्रसार को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। साथ ही, लोगों को इससे बचाव की जानकारी दी जा रही है। जिला सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को इस संबंध में लोगों को जागरूक करने का निर्देश जारी किया है। वहीं, विभाग की ओर से भी इस संबंध में गाइडलाइन जारी किया है। जिसमें बताया है कि आंखों का संक्रमण एडिनोवायरस के कारण हो रहा है। इससे बचाव ही लोगों को सुरक्षित रख सकता है। सिविल सर्जन. डॉ सिन्हा ने बताया कि सदर अस्पताल सहित सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आई-फ्लू के उपचार की सुविधा निरूशुल्क उपलब्ध है।

सिविल सर्जन डॉ. सिन्हा ने बताया, प्रतिदिन कई मामले आई-फ्लू के आ रहे हैं। लोगों को समझना होगा कि मौसम के बदलाव के कारण यह हो रहा है। आई-फ्लू यानि कंजेक्टिवाइटिस को आम भाषा में आंख आना भी कहते हैं। बीमारी के कारण आंखें लाल हो जाती हैं। आंखों में काफी कीचड़ एवं आंसू आते हैं। आंखों में तेज चुभन होती है तथा आंखों में सूजन भी आ जाता है। बच्चों में आंख आने पर उन्हें बुखार भी आ जाता है। उन्होंने बताया कि आई-फ्लू होने पर इससे राहत के लिए एंटीबॉयोटिक आई-ड्रॉप का इस्तेमाल किया जाता है। चिकित्सकों द्वारा इसके लिए विभिन्न प्रकार के एंटीबॉयोटिक जैसे जेंटामाइसिन, सिप्रोफ्लोक्सीन या मॉक्सीफ्लोक्सीन आई-ड्रॉप देते हैं। आई-ड्रॉप आंखों में दिन में चार से छह बार इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

### आई-फ्लू से ऐसे बचें

सिविल सर्जन ने बताया कि आई-फ्लू से बचाव के लिए अपने हाथों को नियमित अंतराल पर साबुन और सैनिटाइजर से साफ करते रहें। आंखों को सुरक्षित रखने के लिए धूपचश्मा का इस्तेमाल करें। आंखों को गंदे हाथों से न छूएं। अपने आंखों को साफ पानी से धोते रहें। संक्रमित लोगों के तौलिए, रूमाल, चादर आदि साझा नहीं करें। अपने वातावरण को साफ रखें- भीड़ वाली जगहों से बचें। मॉनसून के दिनों में भीड़ वाली जगहों से बचें। ध्यान रखें आई-फ्लू एक संक्रामक बीमारी है जो संपर्क से फैलती है।

## लंबे समय से फंसा है भूमि अधिग्रहण पर मुआवजे का पेंच

# चौसा के आंदोलनकारी किसानों से डीएम ने की बात, मांगा आवेदन

- बोले डीएम... जो कोई भी आपत्ति के साथ निर्धारित दर पर भुगतान लेने के लिए इच्छुक हैं वे दे सकते हैं अपना आवेदन

**केटी न्यूज/नावानगर**



रविवार को डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में चौसा पावर प्लांट से संबद्ध किसान संगठन के प्रतिनिधियों की बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में किसान प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि जो कोई भी आपत्ति के साथ निर्धारित दर पर भुगतान लेने के लिए इच्छुक हैं वे अपना आवेदन एलएएआरए कोर्ट, पटना में दे सकते हैं। जिला प्रशासन ऐसे सभी आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक विचार करेगा एवं निष्पादन कराने का प्रयास करेगा। पूर्व में भी ऐसे आवेदनों पर आपत्ति के साथ निर्धारित दर पर राशि का भुगतान किया गया है।

उन्होंने किसान नेताओं से आग्रह किया कि अधिक संख्या में किसानों के बीच इस बात का प्रचार प्रसार करें। ताकि इस गतिरोध को समाप्त किया जाए। वही लारा कोर्ट, पटना के निर्देश के आलोक में डीएम ने वॉटर पाइप लाइन परियोजना एवं रेल कॉरिडोर के लिए अर्जित विभिन्न खेसरा से संबंधित रैयतों का वेरिफिकेशन करने के लिए चौसा सीओ के नेतृत्व में अमीनो की दो टीम गठित कर इसकी मापी करा शीघ्र प्रतिवेदन देने को कहा। वही किसान संगठनों ने लंबे समय के बाद पी एंड आर पॉलिसी सार्वजनिक किए जाने के प्रयासों के लिए डीएम का आभार जताया। जानकारी के अनुसार पी एंड आर पॉलिसी में कुछ संशोधनों के बाद पीआर कमेटी द्वारा स्वीकृत योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन, रोजगार में पारदर्शिता आदि प्रमुख मांगों पर नियमित रूप से विचार करते हुए शीघ्र निराकरण कराने के उद्देश्य से 28 सदस्यीय समन्वय समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें विभिन्न किसान संगठनों के 18 जबकि एसटीपीएल के 03 सदस्य रहेंगे। इस समिति के अध्यक्ष अपर समाहर्ता बक्सर होंगे। यह समिति प्रत्येक माह बैठक कर भूमिदाता किसानों की समस्याओं के निदान का प्रयास करेगी एवं डीएम को रिपोर्ट सौपेंगी। सभी पक्षों के द्वारा यह उम्मीद जताई गई कि समन्वय समिति के माध्यम से किसानों की समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण हो सकेगा। 07 अगस्त को प्रस्तावित प्लांट के मुख्य द्वार पर होने वाले धरना प्रदर्शन को स्थगित करने के संबंध में सभी किसान संगठनों के द्वारा आश्वस्त किया गया कि इस संबंध में किसानों से बात कर प्रशासन को सूचित करेंगे। बैठक बेहतर सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान एसपी मनीष कुमार, अपर समाहर्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, चौसा बीडीओ व सीओ, थानाध्यक्ष मुफस्सिल, एसजेवीएन के पदाधिकारी एवं किसान संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# खेग्रामस ने भूमिहीनों के लिए मांगा 5 डिसमिल जमीन, आवास



**केटी न्यूज/नावानगर**

अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) व भाकपा माले ने स्थानीय प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में खेग्रामस ने दलित गरीब भूमिहीनों को आवास की जमीन देने, बासगीत पर्चा निर्गत की मांग कर रहे थे।

प्रदर्शन के दौरान भाकपा माले के प्रखंड सचिव हरेन्द्र राम ने कहा कि क्षेत्र के सैकड़ो गरीब जहां दशकों से रह रहे है, उनके पास उसका मालिकाना हक नही है। ऐसे गरीबों को उजाड़ा जा रहा है, या फिर उजाड़ने की नोटिस दी गई है। बिहार में बुल्डोजर चलने नहीं दिया जाएगा। सरकार ऐसी तमाम बसावटों का सर्वे कर नया आवास कानून लाए और कोर्ट में हलफनामा दर्ज करे। सरकार की ओर आश्वासन दिया गया था कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के किसी को नहीं उजाड़ा जायेगा। पर इसका अनुपालन नहीं हो रहा है। सभी को पक्का मकान 2022 तक देने का वादा करने वाली मोदी सरकार आवास योजनाओं में लगातार कटौती कर रही है। हजारों मजदूरों ने मोदी सरकार ने मनरेगा मजदूरी को अस्वीकार कर दिया है जो कि गैर कानूनी है। प्रदर्शन की अध्यक्षता माले नेता सह मणियां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामदेव सिंह व संचालन माले नेता नीरज कुमार ने किया। मौके पर खेग्रामस के जिला सचिव नारायण दास, राज बिहारी पासवान, भोलाराम, नंद बिहारी, भिखारी पासी समेत काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे।

**ये थी प्रमुख मांगें:** प्रदर्शन के माध्यम से भाकपा माले ने निम्लिखित मांग रखा था। जिसमें जो जहां बसे हैं, उसका मुकम्मल सर्वे के आधार पर नया वास आवास कानून पर्चा निर्गत किया जाय। सभी भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन और पक्का मकान को संवैधानिक दर्जा दिया जाय।

## एक नजर

### डुमरांव में शहीद बाबा के मजार पर लोगों ने चादरपोशी कर लोगों ने मांगी अमन-चैन की दुआ



**डुमरांव।** डुमरांव नगर के ईश्वर सिंह की गली के मोड़ पर स्थित शहीद बाबा की मजार कौमी एवं सामाजिक एकता की मिशाल है। इस कौमी एकता के प्रतीक शहीद बाबा के मजार पर शनिवार को सभी धर्मों के हजारों ने हाजरी लगाई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने चादरपोशी कर सुख, शांति, समृद्धि की दुआ की। इस मौंके पर सुबह से देर रात तक माथा टेकनें वाले पुरूष व महिलाओं की भीड़ जुटी रही। माथा टेकने वाले लोगों में सर्वाधिक संख्या महिलाओं की पाई गईं। शहीद बाबा के मजार पर माथा टेकने को पंहुचने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के दरम्यान स्व.लक्ष्मण चैधरी निषाद के परिवार के सदस्यों में बिजय चैधरी, संजय चैधरी, कर्ण कुमार, कुमार एवं श्रीमन चौधरी सहित कई अन्य अकीदतमंद लोग उनकी सहूलियतों का पूरा ध्यान रखते दिखे।

### स्वतंत्रता दिवस पर अपनी कला को प्रदर्शित करेंगे संत जॉन सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल के छात्र



**डुमरांव।** इस बार स्वतंत्रता दिवस पर डुमरांव के संत जॉन सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल के छात्र-छात्राएं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। विद्यालय के शिक्षकों के निर्देशन में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रिहर्सल शुरू कर दिया गया है। शनिवार को विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्रों ने भी घंटों सामूहिक नृत्य व झांकी का अभ्यास किया। इस दौरान बच्चों के लय ताल देखते बन रहे थे। रंग-बिरंगे स्कूल ड्रेस में सजे बच्चे शिक्षकों के निर्देश पर कार्यक्रम का रिहर्सल कर रहे थे। इस दौरान बच्चों की प्रस्तुति और उनके कदमताल पर शिक्षक गौर कर रहे थे। किसी भी गलती पर शिक्षक बच्चों को इसे सुधारने की नसीहत दे रहे थे। उन्हें बारीकी से हर निर्देश को फॉलो करने की सीख दे रहे थे। बच्चों की तन्मयता को देखकर ऐसा लग रहा था, जैसे उनमें रंगारंग प्रस्तुति को बेहतर करने की ललक है। स्कूल के डायरेक्टर डा रमेश सिंह ने कहा कि इस बार छात्रों द्वारा अब तक की सबसे बेहतरीन प्रस्तुति दी जाएगी। कहा कि इसके लिए स्कूल में जोर शोर से तैयारी चल रही है।



### बड़ी सफलताः पटना व नालंदा से जुड़ा है वाहन चोर गिरोह का तार, कनेक्शन खंगाल रही पुलिस

# भोजपुर में चोरी की ऑल्टो के साथ अंतरजिला गिरोह के 5 अपराधी गिरफ्तार, कई वाहन बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस ने एक अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया। जिसमें पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनकी निशानदेही पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी गयी दो पिकअप और एक बोलेरो बरामद की गयी है। चोरी की घटना में इस्तेमाल एक आल्टो कार और पांच मोबाइल भी जब्त किया गया है। सभी को नारायणपुर थाना क्षेत्र के वरूणा के समीप से गिरफ्तार किया गया। अपराधियों में नालंदा के चंडी निवासी ज्योति कुमार, भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी सुधीर कुमार, संदेश थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी प्रिंस कुमार उर्फ बिट्टू, चांदी थाने के नरबीरपुर गांव निवासी गोलू शर्मा और गड़हनी थाने के अगिआंव बाजार निवासी शिवजी कुमार शामिल हैं। इनका कनेक्शन नालंदा और पटना जिले के वाहन चोर गिरोह से जुड़ा है। भोजपुर में वाहन चोरी करने के बाद उसे नालंदा और पटना के गिरोह कोबेच दिया जाता है। इसमें नालंदा के



■ अपराधियों के पास से पांच मोबाइल और चोरी में इस्तेमाल एक कार भी की गई जब्त

चंडी निवासी ज्योति कुमार मुख्य भूमिका रहती थी। पांचों ने पूछताछ के दौरान इन बातों का खुलासा किया।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने ने बताया कि कुछ दिनों से जिले चार पहिया वाहन चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय था। गिरोह द्वारा जगदीशपुर, चरपोखरी, सहार और नारायणपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। अबतक सात से आठ वाहनों की चोरी कर ली गयी थी। उसे लेकर अपराधियों की गिरफ्तारी और वाहनों की बरामदगी को लेकर एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी थी। टीम लगातार अपराधियों के पीछे लगी थी। उसी क्रम में शुक्रवार की रात टीम को आरा-सहार रोड़ पर नारायणपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों को होने की सूचना मिली। उसके बाद टीम ने छापामारी कर अपराधियों को आल्टो कार के साथ गिरफ्तार किया। उन्होंने ने बताया कि चोरी के अन्य वाहनों को भी जल्द बरामद कर लिया जाएगा।

**पटना और नालंदा पुलिस को भी दे दी गयी सूचना :** एसपी ने बताया कि गिरफ्तार वाहन चोरों का पटना व नालंदा से कनेक्शन सामने आया है। उन गिरोहों के की भी जांच की जा रही है। वाहन चोरी में उन गिरोह के सदस्यों की संलिप्तता आने पर गिरफ्तारी की जायेगी। पटना और नालंदा पुलिस को भी सूचना दे दी गयी है। वहीं, पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर संदेश के फतेहपुर गांव निवासी प्रिंस कुमार उर्फ बिट्टू को भी गिरफ्तार किया गया। फतेहपुर गांव से उसकी निशानदेही पर सहार इलाके से चोरी गयी एक अन्य पिकअप और चरपोखरी से चोरी बोलेरो बरामद की गयी। पूछताछ में पांचों अपराधियों द्वारा जगदीशपुर सहित अन्य इलाकों से चार पहिया वाहनों की चोरी किये जाने की बात स्वीकार की गयी है। चोरी के वाहन खरीदने वालों के नाम भी बताये गये हैं। सभी की गिरफ्तारी और चोरी गये वाहनों की बरामदगी को छापेमारी की जा रही है।

**चोरी के वाहनों का गलत काम में होता था इस्तेमाल :** पुलिस के हत्थे चढ़े वाहन चोर गिरोह के सदस्य काफी शातिर हैं। कार से घूमने वाले गिरोह के सदस्य महज दो से पांच मिनट में चार पहिया वाहन उड़ा लेते थे। चोरी करने के बाद वाहनों को पटना और नालंदा जिले में बेच देते थे। उन वाहनों का इस्तेमाल गलत काम में किया जाता था। पांचों से पूछताछ के बाद एसपी द्वारा यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि अपराधी कार से जिले के अलग-अलग इलाकों में घूमते रहते थे। उस दौरान रात के अंधेरे में सुनसान और मौके का फायदा उठा कर महज दो से पांच मिनट में लॉक तोड़ गाड़ी स्टार्ट कर लें भागते थे। उसी क्रम में चरपोखरी थाने के गड़हनी बाजार निवासी सैनूल हक की खड़ी बोलेरो, नारायणपुर निवासी सूरज प्रताप सिंह की पिकअप व सहार के एकवारी निवासी जीतेंद्र प्रसाद की पिकअप की चोरी की गयी थी।

## मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपित किशोर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात छत पर सो रही आठ साल की एक बच्ची के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। दुष्कर्म करने का आरोप पड़ोस के एक किशोर पर लगा है। पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात बच्ची अपने भाई के साथ छत पर सो रही थी। तभी पड़ोसी के ही एक किशोर छत पर चढ़ा और बच्ची के साथ दुष्कर्म करने लगा। तभी बच्ची चिल्लाने लगी। जिसकी आवाज सुन माता-पिता छत पर पहुंचे। वहीं, आरोपित वहां से भाग निकला। उसके बाद परिजनों ने थाने को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और आरोपित नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस बच्ची की मेडिकल जांच कराने के बाद आगे की कार्रवाई में जुटी है।

एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि घटना की रात बच्ची अपने भाइयों के साथ छत पर सोई थी। आरोपित और पीड़िता की घर की छत आपस में सटा हुआ है। जिसका फायदा उठाकर आरोपित बच्ची की छत पर चढ़ गया और उसके साथ गंदा काम करने लगा। सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

## बाइक से गिरा युवक गंभीर स्थिति में रेफर

**जहानाबाद।** बराबर मखदुमपुर रोड के पापु गांव के समीप एक बाइक चालक अनियंत्रित होकर बाइक से गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक धनकौल गांव निवासी आशुतोष कुमार बताया जाता है। जानकारी के अनुसार आशुतोष वे अपने बाइक से बराबर से अपने घर धनकौल जा रहा था तभी पापु गांव के समीप एक बाइक चालक ने उसे चकमा दे दिया। जिससे वह अनियंत्रित होकर बाइक से गिर गया और बुरी तरह से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं, युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## डीडीयू स्टेशन से लौट रहे रेलकर्मी की ट्रेन से गिरने से मौत,कारीसाथ के समीप मिला शव

**केटी न्यूज/आरा**

दानापुर-डीडीयू रेलखंड पर डाउन लाइन पर आरा और कारीसाथ के बीच ट्रेन से गिरकर पटना के रहने वाले एक रेलकर्मी की मौत हो गयी। शनिवार की सुबह उसका शव मिला। मृतक पटना के नौबतपुर थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव निवासी अमृत पासवान का बेटा दिलीप कुमार था। जो रेलवे में संट ऑपरेटिंग मैन के पद पर तैनात थ्रा। दिलीप मुगलसराय स्टेशन पर कार्यरत था। लेकिन, फिलवक्त आरा के नवादा थाना क्षेत्र के मिल रोड में किराए के मकान में रहते थे।



मृतक के मौसेरे भाई मिंटू पासवान ने बताया कि वह शुक्रवार की सुबह ड्यूटी मुगलसराय स्टेशन गये थे। शुक्रवार की शाम ही वह अपनी ड्यूटी कर मुगलसराय से आरा के लिए ट्रेन से निकले थे। देर रात तक वह घर नहीं आये, तो परिजनों ने उनके मोबाइल पर फोन किया। लेकिन उनका फोन नहीं लग पाया। इसी बीच शनिवार की सुबह रेल पुलिस ने उसका शव कारीसाथ रेलवे स्टेशन के समीप बरामद किया। उसके बाद रेल पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दी गयी। उस आधार पर परिजन रेल थाना पहुंचे।उसके बाद पुलिस की ओर से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि रेल कर्मी अपने सात बहनों में इकलौता भाई था। उसके परिवार में मां जस्या देवी, पत्नी सरिता देवी, पुत्र आयुष और पुत्री आलिया है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

**एक नजर**

## दर्दनाक हादसा: सूर्यमंदिर के तालाब में एक ही परिवार के दो बच्चों की डूबकर मौत

**जहानाबाद।** तालाब में नहाने के दौरान पानी मे डूब कर दो छात्र की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना कड़ौना ओपी क्षेत्र के कनौदी-ठाकुरबाड़ी की है। मृतक बच्चे की पहचान टेनीबिगहा गांव निवासी उदय यादव के इकलौते पुत्र सुभम कुमार तथा दूसरा रमेश यादव का पुत्र कल्लू कुमार के रूप में की गई है। दोनों आपस मे चचेरे भाई बताये जाते है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि दोनों बच्चे एक ही




साइकिल पर सवार होकर आए और तालाब किनारे साइकिल खड़ी कर कपड़ा उतार कर दोनों बच्चे तालाब में नहाने लगे। कुछ देर बाद जब नजर पड़ी तो दोनों बच्चे तालाब में नहीं थे। जबकि उसके कपड़े और साइकिल तालाब किनारे पड़े थे। अनहोनी की आशंका जताते हुए शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और स्थानीय गोताखोर की मदद से दोनो बच्चे के शव को पानी से बाहर निकाला गया और इसकी सूचना पुलिस को दी। वहीं, घटना की सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और दोनों का शव लेकर सीधा सदर अस्पताल पहुंच गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि दोनों बच्चे साइकिल से घूमने के लिए घर से निकले थे। घूमने के क्रम में दोनों बच्चे तालाब में नहाने चले गए। जहां तालाब की गहराई में दोनों समा गए।जब उन्हें जानकारी मिली तो आनन फानन में वे मौके पर पहुंच गए और दोनो का शव लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस अधिकारी ने बताया कि तालाब में नहाने के दौरान यह हादसा हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी है।

## जहानाबाद जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर आज धरना कार्यक्रम का होगा आयोजन

**जहानाबाद।** राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत आज संपूर्ण देश में अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा एवं मनरेगा मजदूर सभा के आह्वान पर सभी प्रखंड मुख्यालयों पर धरना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज खेत मजदूर तथा मनरेगा मजदूर अपने काम का हड़ताल कर बड़ी संख्या में प्रखंड कार्यालय पर पहुंचे। जिले के सातों प्रखंड पर धरना का कार्यक्रम संपन्न हुआ तथा धरना के माध्यम से अपना स्मार पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सुपुर्द किया तथा अपनी मांगों से उच्चस्थ पदाधिकारी तथा राज्य व केंद्र सरकार को अवगत कराने का अपील किया। मांगों में प्रधान था मुकम्मल सर्वे के आधार पर नया बास आवास कानून ,सभी बेघर परिवारों को 5 डिसमिल जमीन, पक्का मकान तथा हाउसिंग राइट को संवैधानिक दर्जा देने, मनरेगा को कृषि कार्यों से जोड़ते हुए साल में 200 दिन काम तथा दैनिक 600 रुपए कार्यस्थल पर मजदूरी, काम नहीं देने पर 300 रुपए प्रतिदिन बेरोजगारी भत्ता ,सभी बुजुर्ग, विकलांगों, विधवाओं को 3000 रुपए मासिक पेंशन ,शिक्षा स्वास्थ्य का अधिकार गरीबों को प्रतिमाह 200 यूनिट बिजली, अनावृष्टि के दौर में कृषि कार्य हेतु फ्री बिजली, सुखाड़ा अकाल की पूर्व बेला है अतः सभी उपभोक्ताओं को पर्याप्त खाद्य सामग्री, पेयजल के संकट को देखते हुए नल जल योजना को घर-घर तक ठीक कराने तथा इंडिया मर्का चापाकल की मरम्मत तथा जरूरत के हिसाब से नया चापाकल गाड़ने पर्चा धारियों को जमीन पर कायमी अधिकार तथा बेघर परिवारों को बगैर वैकल्पिक व्यवस्था के उजाड़ना बंद करें।



# मुसलमानों से नजरें मिलाने लायक नहीं है सपा: शमीम खान

- सपा परिवारवादी के साथ अब समझौतावादी पार्टी बनकर रह गई

**केटी न्यूज/बलिया**



ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिम पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने प्रेस वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव के द्वारा दिए गए बयान पर कहा कि समाजवादी पार्टी परिवारवादी पार्टी है यह तो जगजाहिर है, लेकिन यह समझौता वादी पार्टी बन चुकी है, सत्ता प्राप्ति के लिए ना जाने कैसे-कैसे विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन कर लेती है। मुसलमानों का केवल वोट लेना जानती है, मुसलमानों के हक और इंसाफ की लड़ाई लड़ना नहीं जानती।

पार्टी मुसलमानों के वोट हासिल करने के लिए झूठे वादे करती है, ये समाजवादी अपने ही पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान साहब के लिए भी कभी खड़ी नहीं हो पाई। आजम खान जब तक समाजवादी में रहे रोते रहे, सिसकते रहे, ये झूठे वादे करके मुसलमानों का वोट तो हासिल कर लेती है,लेकिन उनके लिए ना तो कोई योजनाएं बनती है और ना ही उनको सम्मान और स्थान ही दे सकती है। हमारे पास पहले विकल्प नहीं था, लेकिन ए आई एम आई एम और ओवैसी साहब के रूप में मुसलमानो, पिछड़ों, दलितों, आदिवासि यों के पास एक मजबूत विकल्प है। हमारी पार्टी तेजी से बढ़ रही है 2024 में हम दमदारी के साथ चुनाव लड़ेंगे और देश में एक मजबूत पार्टी के रूप में उभरेंगे। इस अवसर पर पूर्वांचल के पूर्व महासचिव कालिका प्रसाद,जिला अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, प्रमुख जिला महासचिव महताब आलम, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद,जिला संगठन मंत्री मुदस्सीर अंसारी, जिला संयुक्त सचिव शमशीर अहमद, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, जिला सूचना प्रभारी अनीस अहमद सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पत्नी से संबंध टूटने पर युवक ने की खुदकुशी

**बलिया।** शादी के छह महीने बाद ही एक युवक फांसी का फंदा बनाकर मौत को गले लगा लिया। मामला सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के मैनापुर गांव का है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों ने बताया कि विजय कन्नौजिया के बेटे विशाल की शादी फरवरी में मनियर थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी प्रियंका पुत्री मंगलदेव से हुई थी। शादी के बाद प्रियंका ससुराल आई, फिर 15 दिन बाद पग फेराई का बहाना बनाकर मायके चली गई। तब से विशाल पत्नी को वापस लाने का प्रयास कर रहा था। कई बार पत्नी और उसके परिजनों से इस सिलसिले में बात भी की, लेकिन वे टाल मटोल कर रहे थे। इस बात को लेकर पति-पत्नी में अक्सर तकरार होती रहती थी, जिसको लेकर विशाल काफी परेशान था। इसी बीच करीब दस दिन पहले दोनों का संबंध विच्छेद हो गया। तभी से विशाल डिप्रेशन का शिकार हो गया था। इसी बीच शुक्रवार को जब परिवार के सदस्य अपने अपने कमरे में थे, उसी समय मौके का फायदा उठाकर उसने मौत को गले लगा लिया।

## बलिया पुलिस के हत्थे चढ़ा फरार वारंटी

**बलिया।** बांसडीह कोतवाली पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानतीय वारण्ट के क्रम में दो वारन्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों वारंरियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए पुलिस ने चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशन में बलिया पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्तों की गिरफतारी के चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बांसडीह पुलिस टीम ने धारा 435, 504, 506 भादवि में न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानतीय वारण्टी कृष्णदेव बिन्द पुत्र रामन्द्र बिन्द (निवासी मैरीटार, बलिया) तथा धारा 379 भादवि में न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट के तामिला में वारण्टी सत्यनारायन पुत्र राजाधन यादव व सत्यदेव पुत्र राजाधन यादव (निवासी खीरूछपरा, खरौनी) को उनके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि गिरफ्तार वारन्टी अभियुक्तों को चालान न्यायालय भेज दिया गया।




## खबरें फटाफट

### सब्सिडी के लिए खाते से लिंक कराएं आधार कार्ड

**बलिया।** प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत जिले में कुल-2052860 गैस कनेक्शन निर्गत किये गए है। जिसमें 189557 उज्वला लाभार्थियों को सब्सिडी का भुगतान उनके आधार लिंक खातों में किया जा रहा है, अवशेष 15711 उपभोक्ताओं को अन्य माध्यम अर्थात बैंक कैश ट्रांसफर कंप्लाइन्ट के माध्यम से सब्सिडी का अंतरण किया जा रहा है। जिले में प्रधानमंत्री उज्वला योजनातर्गत आच्छादित लाभार्थियों से अपेक्षा करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव ने बताया है कि उनके द्वारा एलपीजी वितरक को उपलब्ध कराए गए बैंक खाता जिसमें उन्हें उच्च सब्सिडी प्राप्त होता है, को आधार से लिंक करा लें। जिससे कि उन्हें सुगमता पूर्वक उनके सब्सिडी की धनराशि उनके खाते में प्रेषित किया जा सके। जिससे कि यदि भविष्य में उक्त के अतिरिक्त अन्य कोई सब्सिडी आदि दिए जाने की योजना केंद्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा चालू की जाती है तो उन्हें उक्त योजना का लाभ मिल पाएगा।

### जनशिकायतों का हो त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण: डीएम

**बलिया।** डीएम रवींद्र कुमार ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए। खासकर संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आने वाली शिकायतों को पूरी गंभीरता से लेते हुए त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। सिकंदरपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर जनसुनवाई के दौरान उन्होंने जनता की शिकायतों को सुना। इस दौरान राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, चकबंदी आदि विभागों के कुल 140 मामले आए, जिनमें 10 का मौके पर निस्तारण कराया। शेष शिकायतों के संबंध में डीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारी जितना जल्द हो सके, निस्तारण कर अपलोड करना सुनिश्चित करें। भूमि विवाद के मामलों में निर्देश दिया कि राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौका मुआयना करके सही व्यक्ति को न्याय दिलाएँ। इस अवसर पर एएसपी दुर्गा शंकर तिवारी, एसडीएम रवि पासवान सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक में सांसद ने दिखाई सख्ती, कहा-

# सभी बैंकर्स सात दिनों में नाबार्ड की योजनाओं की प्रगति की रिपोर्ट दें

**केटी न्यूज/बलिया**



जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें खास तौर पर नाबार्ड, कृषि विभाग, उद्यान व पशुपालन विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। इन योजनाओं के प्रचार प्रसार पर भी विशेष जोर दिया गया।

नाबार्ड की योजना की समीक्षा के दौरान सांसद ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर भी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए ब्लॉक लेवल पर बैठक करवाएं। सभी बैंकर्स एक सप्ताह के अंदर लीड बैंक मैनेजर के माध्यम से नाबार्ड की समस्त योजनाओं की प्रगति की रिपोर्ट जिलाधिकारी को दें। बैंकर्स इस बात का ख्याल रखें कि उनके यहां कोई भी आवेदन दस दिन के अधिक लंबित न रहे। लोन पास नहीं करने पर संबंधित बैंक की जवाबदेही तय हो और लापरवाही पर कार्रवाई भी सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कराये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी जानकारी ली। बताया गया कि पिछले तीन महीने में 223 लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। सांसद ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम जिलाधिकारी की देखरेख में हो। प्रशिक्षित लोगों के द्वारा बनाये गये उत्पाद को बाजार तक पहुंचाने पर भी सम्बन्धित अधिकारी काम करें। कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजनान्तर्गत एग्रीजंक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा एनआरएलएम द्वारा लम्बित दावों की स्थिति की भी समीक्षा की।

**दुग्ध उत्पादन पर विशेष जोर :** सांसद ने पशुपालन विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि दूध देने वाले सभी प्रकार के पशुओं की खरीद पर अगर कोई लोन लेना चाहता है तो उसे अविलम्ब लोन दिया जाए। इसमें लापरवाही पर सम्बन्धित बैंक की जवाबदेही तय की जाए। पशुपालन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया कि हर ब्लॉक से कम से कम पचास से लाभार्थी बनाकर रिपोर्ट दें।

**सोलर पंप का लक्ष्य बढ़ाएं :** कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद ने कहा कि किसान सोलर सिंचाई पम्प अधिक से अधिक लगाएं, इस पर भी ध्यान दिया जाए। इसके लिए लक्ष्य, जो पिछली साल 298 था, उसे बढ़ाकर 500 किया जाए। आश्वस्त किया कि इसको स्वीकृत कराने के लिए शासन स्तर तक बात करूंगा। किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम करवाएं।

### बाजरा व मक्का के लिए भी खुलेगा क्रय केंद्र

सांसद ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि मोटे अनाज जैसे, ज्वार, बाजरा, मक्का आदि के उत्पादन बढ़ाने की दिशा में विशेष प्रयास किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि बाजरा व मक्का की खरीद के लिए क्रय केंद्र बनाने का प्रस्ताव पास हो गया है। अक्टूबर महीने से इसकी सरकारी दर पर खरीद भी शुरू हो जाएगी। उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान सांसद ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को फल, सब्जी आदि की पैकेजिंग का प्रशिक्षण दिलवाया जाए।




## सादगी पूर्वक मनाई गई पूर्व केंद्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्रा की 91वीं जयंती

**केटी न्यूज/बलिया**



समाजवादी पार्टी चिंतक एवं छोटे लोहिया पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्र की 91वीं जन्यती जनपद के कोने-कोने में अलग अलग स्थानों पर श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।

इसी क्रम जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव की अध्यक्षता सपा नेताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित उन्हें याद किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करेने वालों पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी, पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी, अनिल राय, बदरूदुजा जाफरी, साथी रामजी गुप्ता, नपा के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता आदि शामिल रहे।सैबई बांध स्थित लोहिया संस्थान एवं लोकतंत्र सेनानी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को वृंदावन स्मृति परिसर में छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की जयंती मनायी गई। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अध्यक्षता करते हुए द्विजेन्द्र कुमार मिश्र ने किया।

उन्होंने कहा कि आदर्श पिता के पुत्र आदर्श ही होंगे। इस अवसर पर अजय बहादुर सिंह, जीउत बाबू, देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी, निर्भय नारायण सिंह, शारदानंद सिंह, बासुदेव ठाकुर, शंभू सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, शाहिद अली खां, रवि मिश्र, मुनरिका आदि शामिल रहे।

## डीएम के पास पहुंचा धर्म परिवर्तन का मामला

**बलिया।** जनपद के सरैयां, मनियर जिगनी खास दामोदरपुर नवादा त्रिकालपुर सहित अन्य गांव में धर्म परिवर्तन का मामला जिलाधिकारी दरबार तक पहुंच गया। इस संबंध में सरयां गांव निवासी कमला राम ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौपते हुए बताया कि सरैया गांव निवासी अनिल मसीह पुत्र स्वामीनाथ राम पर आरोप लगाया है कि यह दलित बस्तियों में जाकर गरीब दलितों को पैसे का लालच देकर उन्हें ईसाई बनाने का प्रयास किया जा रहा हैं। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप कर धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि दलित और मलिन बस्तियों में ईसाई मिशनरी के लोग तेजी से लोगों को ईसाई बनने के लिए तरह तरह का प्रलोभन और लालच भी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। कमला राम ने जनपद में चल रहे धर्म परिवर्तन के खेल पर रोक लगाने और ऐसा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।




## हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज का बार में किया सम्मान, बोले न्यायमूर्ति

# बागी धरती आजादी के प्रथम आंदोलन की गवाह

**केटी न्यूज/बलिया**



दी सिविल बार व क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सिविल बार के सभागार में हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह का स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें दोनों बार के पदाधिकारियों व सदस्यों ने प्रशासनिक जज का माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान क्रिमिनल बार के अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्र ने एजे का स्वागत करते हुए बलिया जिले में न्यायिक मजिस्ट्रेट व एडीजे की भारी कमी होने की बात बतायी। इस आशय का पत्रक भी सौंपा।

सम्मान समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष प्रशासनिक जज विवेक कुमार सिंह व जिला जज अशोक कुमार सप्तम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रशासनिक जज विवेक कुमार सिंह ने कहा कि बलिया की बागी धरती आजादी के प्रथम आंदोलन की गवाह है। यहां के वीर सपूतों ने सबसे पहले आजादी की बिगुल फूंकने का काम किया था। मंगल पांडेय एवं चित्तू पांडेय की धरती पर आया हूं, इस बात का मुझे गर्व महसूस हो रहा है। मैं बलिया के गौरवशाली इतिहास को पहले से जानता हूं। मुझे इस बात की खुशी है कि मैं पहले वकील हूं उसके बाद इस पद पर आसीन हूं। वकील आजीवन वकील होता है चाहे वह राष्ट्रपति क्यों न बन जाए। कहा कि छह बार प्रशासनिक जज रहा हूं । लेकिन पहली बार ऐसा सम्मान मुझे बागी धरती पर मिला है। उन्होंने कहा कि क्रिमिनल बार के अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा उम्र में दमदार उद्बोधन कर रहे हैं तो जब यह युवा होंगे तो कितना दमदार बोलते होंगे। इस मौके पर जिला जज अशोक कुमार ने भी जिले के गौरवशाली इतिहास पर अपना विचार प्रस्तुत किया। एडीजे हुसैन अंसारी ने कहा कि चमन में बाहर आया है इसका आनंद हम सभी को लेना चाहिए। इस मौके पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शांभवी यादव ने भी सभा को संबोधित किया उन्होंने प्रशासनिक जज का स्वागत अपने उद्बोधन से किया। सिविल बार के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दुबे ने मुख्य अतिथि के अपने सभागार में आने के लिए आभार प्रकट किया कहा कि हम अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# वेतन भुगतान के लिए आउटसोर्सिंग कर्मियों ने किया ठेकेदार का घेराव

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर (चंदौली)**

नगर पालिका में आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों ने शनिवार को नगर पालिका कार्यालय में ठेकेदार का घेराव किया। इस दौरान कर्मचारियों ने बकाए वेतन की मांग के साथ पीएफ और ईएसआई की राशि खाते में भेजे जाने व कार्ड दिए जाने की मांग की। एक घंटे तक चली वार्ता के बाद ठेकेदार ने ग्रांट आने पर वेतन देने व एक माह के भीतर ईएसआई कार्ड व अन्य बातों को पूरा करने के भरोसा दिलाया। जिस पर कर्मचारी शांत हुए।



शासन की ओर से अक्सर ग्रांट की कटौती किये जाने से पालिका के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो जा रहा है। नगर पालिका पीडीडीयू नगर में आउटसोर्सिंग पर कुल 292 कर्मचारी कार्यरत हैं। ये सभी कर्मचारी पालिका के विभिन्न विभागों में कार्य करते हैं। शासन से ग्रांट के कम आने के चलते इन कर्मचारियों के पांच माह का वेतन भी नही मिल पाया है। इसके चलते कर्मचारियों के समक्ष जीवकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया है। शनिवार को कर्मचारियो का सब्र जवाब दे गया। कर्मचारियों में आउटसोर्सिंग कार्य से संबंधित ठेकेदार का घेराव किया। उन्होंने ठेकेदार से बकाया वेतन, पीएफ खाते में धनराशि भेजे जाने के साथ ही ईएसआई कार्ड दिए जाने की मांग की। इस मौके पर उपस्थित सभासद सुनील विश्वकर्मा, पारस यादव, शैलेन्द्र गुप्ता, राजेश जायसवाल, महेंद्र पटेल ने भी कर्मचारियों की ओर बातों को रखा। एक घंटे तक चली वार्ता के बाद शांत हुए। ठेकेदार की ओर से एक माह के भीतर पीएफ की राशि मे खाते में जमा कराने और ईएसआई कार्ड उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। वहीं ग्रांट आने पर तनख्वाह दिए जाने को कहा। ईओ कृष्णचंद्र ने बताया कि ग्रांट कम आने के कारण वेतन का भुगतान नही हो पाया है। ग्रांट आते भी तनख्वाह का भुगतान किया जाएगा।

## विधायक ने स्थानीय लोगों से कराया सड़क का उद्घाटन

**चंदौली।** बबुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बनौली चट्टी पर शनिवार को पीडीडीयू नगर विधायक रमेश जायसवाल ने अपने विधानसभा के ग्राम सभा बनौली चट्टी से गौरी तक एक करोड़ पांच लाख की लागत से बन रहे सड़क का उद्घाटन स्थानीय लोगों के हाथों करवाया। उपस्थित स्थानीय लोगों ने कहा कि पहली बार ऐसा कोई विधायक आया है जो स्वयं सड़कों का उद्घाटन न कर स्थानीय बुजुर्गों से करवा रहा है वहीं विधायक रमेश जायसवाल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि विकास की गति रुकने नहीं दूंगा, चाहे सड़क हो और नाली का मामला हो चाहे गरीबों के आवास का मामला हो धन की कमी आने नहीं दूंगा, इसके लिए मुझे जो भी करना पड़े किसी के दरवाजे पर जाना होगा मैं विकास के लिए जाऊंगा। इस मौके पर नारायण जायसवाल, शशि प्रकाश गांधी, संजय कनौजिया, खिलेश तिवारी, बनौली ग्राम सभा के प्रधान इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# अपहरण व दुष्कर्म के मामले का फरार आरोपित गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



नाबालिक छात्रा को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को सुहवल पुलिस ने शनिवार की दोपहर मलसा तिराहे से धर दबोचा। साथ ही थाने लाकर पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में चालान करने के साथ ही मेडिकल मुआयना के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसके उपर लगे आरोपों को देखते हुए न्यायालय ने आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेंज दिया। जबकि पुलिस ने बरामद नाबालिक छात्रा को महिला सुरक्षा में उसका मेडिकल मुआयना कराकर मजिस्ट्रेट के सामने कलमबंद बयान दर्ज कराने में जुटी है।

पुलिस के अनुसार करंडा थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते जून महीने में एक युवक अपनी रिश्तेदारी में आते -जाते समय एक छात्रा के संपर्क में आ गया। इसी बीच उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। घटना के बाद छात्रा के परिजनों ने युवक के खिलाफ थाने में दुष्कर्म व अन्य धाराओं में नामजद मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को दबोच लिया गया है। इसके बाद उसका संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया। जबकि बरामद छात्रा के मेडिकल मुआयना व कलम बंद बयान के लिए उसे महिला आरक्षी की निगरानी में जिला मुख्यालय भेजा गया है।

## खबरें फटाफट

### होमगार्ड की तरह सुविधा देने पर जताई खुशी

**चंदौली।** पीआरडी जवानों की बैठक शनिवार को सदर ब्लाक परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में हुई। इसमें जवानों ने डयूटी से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह की पांच तारीख को बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही हाई कोर्ट की ओर से पीआरडी जवानों को होमगार्ड के समान सुविधा दिए जाने का आदेश पारित करने पर खुशी का इजहार किया गया। पीआरडी जवानों ने कहा कि जवानों को ड्यूटी नहीं मिल रही है। अनुसूचित जाति छात्रावास व स्वत: रोजगार कार्यालय लीलापुर से पैसा नहीं मिल पाया है। मांग किया कि जो जवान ड्यूटी नहीं जा रहे हैं, उनके स्थान पर दूसरे जवान की डयूटी लगाई जाए। बैजनाथ रस्तोगी, यशवंत यादव, अलाउद्दीन, चंद्रशेखर सिंह, पंचम राम सहित अन्य जवान शामिल थे। अध्यक्षता जयप्रकाश भारती और संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष जोखन राम ने किया।

### स्थानीय स्तर पर शिकायतों का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता

**चंदौली।** चकिया तहसील सभागार में जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे व पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने तहसील में आये फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को हुए निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों एवं आईजीआरएस की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाले शिकायतकताओं की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना जाये और शिकायत के संबंध में शिकायतकताओं से चर्चा कर निस्तारण के संबंध में उन्हें अवगत कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है।

## जमानियां तहसील में डीएम व एसपी ने सुनी पीड़ितों की फरियाद

# प्राप्त शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित करें अधिकारी: डीएम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संपूर्ण समाधान दिवस जमानियां तहसील में डीएम आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलंब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण कराया जाए।

उन्होंने सार्वजनिक भूमि, तालाब, भूमि पर अवैध अतिक्रमण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कोई भी व्यक्ति आफिस का चक्कर न काटे, तत्काल मौके पर जाकर मामले का निस्तारण किया जाए।` उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्रतिदिन शत-प्रतिशत निस्तारण किया जाए। शिकायत किसी भी दशा में डिफाल्टर न हो। उन्होंने कहा कि समीक्षा सीधे शासन



स्तर से होती है। इसमें लापरवाही पर संबंधित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिसमें 118 शिकायत/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए और मौके पर 11 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सातों तहसीलों की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 585 शिकायत प्राप्त हुए। जिसमें मौके पर 50 शिकायत पत्रों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 113 शिकायत/प्रार्थनो प्राप्त हुए।जिसमें 12 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 66 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए। जिसमें से 12 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 31 शिकायत प्राप्त हुए, जिसमें मौके 02 का निस्तारण किया गया। तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 112 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए, जिसमें से छह का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मुहम्मदाबाद में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 95 शिकायत प्राप्त हुए, जिसमें से मौके पर दो का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 शिकायतों में 05 का

### राहत चौपाल का डीएम ने किया शुभारंभ

**गाजीपुर।** रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र के इंटर कालेज सुहवल स्थित सभागार में शनिवार को जिला आपदा प्रबंधन के तत्वावधान में राहत चौपाल का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डीएम आर्यका अखौरी ने किया। इस दौरान आपदा मित्रों के द्वारा विभिन्न तरह के राहत डेमों का रिहर्सल किया गया। साथ ही लोगों को आपदा के दौरान होने वाली परेशानियों एवं उससे बचने के उपाय के साथ ही शासन-प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले राहत के बारे में जानकारी दी गई।




# एसडीआरएफ ने दूसरे दिन भी गंगा नदी में छात्रा की तलाश की

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के एक दर्जन से अधिक जवानों द्वारा शनिवार को अभियान के दूसरे दिन भी गंगा नदी में छात्रा की तलाश में अपना सर्च आपरेशन पूर्वाह्न करीब दस बजे से दोबारो शुरू कर दिया। टीम के द्वारा हमीद सेतु से लगायते गौसपुर, शेरपुर, सेमरा आदि गांव के सामने नदी में करीब 15 किमी करीब छह घंटे तक थंडरिंग किया गया। मगर उफनाई गंगा नदी में पानी के तेज बहाव के चलते छात्रा का सुराग नहीं लग सका।

बता दें कि अपने सर्च आपरेशन के पहले दिन भी एसडीआरएफ के जवानों ने अपनी टीम के एसआई हफीज खान की निगरानी में नदी में 25 किमी तक करीब नौ घंटे तक अपना आपरेशन शालू चलाया। मगर सफलता नहीं मिल सकी। छात्रा के परिजन अब अपनी बेटी के जिन्दा वापस मिलने की आस छोड़ पूरी



तरह से दुःखी नजर आ रहे हैं। गांव में घटना के बाद से ही सन्नाटा पसरा हुआ है। जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बताते चलें कि शालू उपाध्याय (20) निवासी सब्बलपुर खुर्द थाना जमानियां बीए तृतीय वर्ष की छात्रा थी। किसी बात से नाराज होकर उसने हमीद सेतु से गंगा नदी में छलांग लगा दिया। इस संबंध में रजागंज चौकी इंचार्ज भूपेंद्र कुमार निषाद ने बताया कि एसडीआरएफ दल के द्वारा नदी में छात्रा की तलाश में सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है। मगर अभी तक उसका पता नहीं चल सका है।

### मॉडल कोर्ट काम्प्लेक्स का निर्माण होगा शुरू: डीएम

**चंदौली।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुनील कुमार एवं जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे द्वारा सदर स्थित कचहरी परिसर में चल रहे न्यायालय भवन नक्शा व निर्माण कार्य संबंधित अनवरत धरना को अधिवक्ता संघ के साथ चर्चा कर समाप्त कराया गया। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे द्वारा बताया कि शनिवार की सुबह ही उच्च न्यायालय द्वारा जनपद न्यायालय भवन निर्माण हेतु नक्शा पारित कर प्रदेश सरकार को भेजा गया है। जिलाधिकारी द्वारा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष से वार्ता कर कार्य पर वापस आने की सहमति बनी। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन में लगातार बातचीत हो रही है जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि न्यायालय भवन निर्माण हेतु जमीन पहले से उपलब्ध है और बाउंड्री वाल पूर्ण होने के कगार पर है। साथ ही जल्द से जल्द डीपीआर बनकर टेंडर होकर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।




## विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत सीएमओ कार्यालय के सभागार में गोष्ठी आयोजित

# प्राकृतिक टीके की तरह है मां का पहला गाढ़ा दूध

**केटी न्यूज/चंदौली**

मां का पहला गाढ़ा पीला दूध शिशु के लिए अमृत के समान तो होता ही है, यह प्राकृतिक टीके का भी काम करता है। यह कई बीमारियों से नवजात की रक्षा भी करता है। विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय के सभागार में आयोजित गोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वाईके राय ने यह बात कहीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मां के दूध को अमृत समान बताते हुए उसके गुण की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने कहा कि स्तनपान शिशु के स्वास्थ्य-शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जरूरी है। छह माह तक शिशु को सिर्फ और सिर्फ माँ का दूध ही देना है। इस उद्देश को लेकर ही हर वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम इनऐबल ब्रेस्टफीडिंग-मेकिंग ए डिफरेंस फॉर वर्किंग वूमेन है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरबी शरण ने कहा कि जन्म के ठीक एक घंटे के भीतर स्तनपान शिशु के लिए बहुत जरूरी होता है। यह



शिशु को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है। मां का पहला गाढ़ा पीला दूध, नवजात का पहला प्राकृतिक टीका होता है। मां के दूध में पाये जाने वाले पोषक तत्व शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। इसके साथ ही मां का दूध बाल्यावस्था में होने वाली बीमारियों से भी बचाता है। विश्व स्तनपान अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद की सभी स्वास्थ्य इकाइयों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अंतर्गत समुदाय में एएनएम, स्टाफ नर्स, आशा, आशा संगिनी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से धात्री माताओं, गर्भवती एवं उनके परिजनों को स्तनपान और अनुपूरक आहार के महत्व को लेकर जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है।

न्यूट्रिशन इंटरनेशनल की मंडलीय कोऑर्डिनेटर अपराजिता सिंह ने कहा कि नवजात शिशु के लिए स्तनपान पहला टीका होता है। जो महिलाएं नौकरी करतीं है और जिन्हें मैटरनिटी अवकाश के बाद कार्यालय जाना पड़ता है, वह ऐसी स्थिति में डिब्बे के दूध का प्रयोग न कर, अपने दूध को निकाल कर सामान्य वातावरण में आठ और फ्रिज में 24 घंटे रख कर नवजात को पिलवा सकती हैं। स्तनपान से प्रसवोपरांत अत्यधिक रक्तस्राव का खतरा कम हो जाता है स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर तथा अंडाशय के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। हड्डियों के कमजोर पड़ने का प्रकरण को भी कम करता है। साथ ही वजन घटाने में सहयोगी होता है। मां का दूध शिशु के स्वास्थ्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण एवं सम्पूर्ण आहार होता है।दूध में पाया जाने वाला कोलोस्ट्रम शिशु को रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है जो शिशु को कई बीमारियों से बचाता है।

## जिलाधिकारी ने की कई विभागीय योजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश

# मऊ में 3 लाख झंडे फहराने का लक्ष्य

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय स्थित सभागार में मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान की प्रगति, स्वामित्व योजना, वरासत अभियान, कोर्ट केस एवं अवमानना वाद, फैमिली आईडी की प्रगति तथा रियल टाइम खतौनी अपडेशन सहित तहसील स्तरीय कई अन्य योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद में 2.5 से 3 लाख झंडे फहराने का लक्ष्य निर्धारित है। शासन से 1.80 लाख झंडे की डिमांड प्रेषित की जा चुकी है। शेष झंडे स्वयं सहायता समूह एवं अन्य माध्यमों से जनपद में ही क्रय की जानी है।

उन्होंने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शीलाफलकम हेतु स्थानों का चयन कर लिया गया है। इसके अलावा अमृत वाटिका एवं कलश तथा शिलफलकम के निर्माण की प्रक्रिया भी चल रही है जो समय रहते पूर्ण कर ली जाएगी। जिलाधिकारी ने मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान के दृष्टिगत समस्त तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। नेडा के कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बाबू कल्याण सिंह ग्रामीण उन्नत सोलर स्ट्रीट लाइट एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त प्रस्तावों का ब्लॉक स्तर से सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

**एक सप्ताह में फैमिली आईडी से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण करें :** फैमिली आईडी के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में और प्रयास कर इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियो को बैठक कर एक सप्ताह में फैमिली आईडी से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण करने को कहा। आगामी लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में बूथों के संभाजन की प्रक्रिया चल रही है। मतदेय स्थलों का प्रकाशन 8 अगस्त को होगा। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को बीएलओ के माध्यम से घर घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कराने के निर्देश दिए, जिससे फर्जी मतदाताओं का नाम सूची से हटाने एवं छूते मतदाताओं का नाम जोड़ने का कार्य पूर्ण हो सके। उन्होंने शून्य आवेदन वाले बूथों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए तथा फार्म 6, 7 एवं 8 के पेंडेंसी को शीघ्र खत्म करने को कहा। विद्युत विभाग की आरसी वसूली की समीक्षा के दौरान पिछले 10 दिनों में 4 करोड़ से भी ज्यादा की वसूली किए जाने पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त करते हुए इसमें और प्रयास करने के निर्देश समस्त अधिशासी अभियंताओं को दिए। स्वामित्व योजना में तहसील मधुबन एवम् घोसी में प्रारूप 7 एवं 10 में ज्यादा अंतर पाए जाने पर जिलाधिकारी ने इसमें अतिरिक्त प्रयास करते हुए यथाशीघ्र अंतर को समाप्त करने के निर्देश दिए।

## सर्पदंश से किशोरी की मौत, छाया मातम

**मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली अन्तर्गत मालव गांव में सर्पदंश से एक किशोरी की मौत हो गयी। पिता की लगभग दो वर्ष पहले करंट लगने से मौत हो चुकी थी। मृत किशोरी की विधवा मां एवं अन्य तीन भाई-बहन का रो-रो कर बुरा हाल है। पति की मृत्यु के उपरांत रिंकू देवी अपनी दो पुत्रियों और दो पुत्रों के साथ झाड़ू-पोछा कर गरीबी में जीवन यापन कर रही थी। शुक्रवार दोपहर को झोले से कपड़ा निकालते समय उनकी बेटी अंजली शर्मा को अंगुली में करैत सांप ने काट लिया। लड़की ने हिम्मत दिखाते हुए स्वयं मां को फोन करके कार्यस्थल से घर बुलाया। जिसके बाद उसे गाजीपुर स्थित अमवां की सत्ती माता स्थान पर ले जाया गया। वहां देर शाम हालत बिगड़ने पर उसे जनपद मुख्यालय के प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मऊ में तीन चरणों में चलेगा सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0, तैयारियां पूरी

**केटी न्यूज/मऊ**

जनपद में सात अगस्त से सघन मिशन इंद्रधनुष- 5.0 शुरू होगा। तीन चरणों में चलने वाले इस टीकाकरण अभियान में शून्य से पांच वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को नियमित टीके और गर्भवती को टिटनेस- डिप्थीरिया (टीडी) के टीके लगाए जाएंगे। इसका पहला चरण सात अगस्त से शुरू होकर 12 अगस्त तक चलेगा, दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर तक तथा तीसरा चरण नौ से 14 अक्टूबर तक चलेगा अभियान की तैयारियां पूरी कर ली गयीं हैं। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. नंद कुमार ने दी।

सीएमओ डा. नंद कुमार ने बताया कि टीकाकरण कवरेज में तेजी लाने के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष की परिकल्पना की गई जिससे सौ प्रतिशत तक टीकाकरण किया जा सके। इसके तहत 15 हजार से अधिक जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों एवं 6400 गर्भवती को पूरी तरह से प्रतिरक्षित किया जाना है। इसके अतिरिक्त जो बच्चे टीकाकरण से छूट गए हैं उन्हें भी इस अभियान के तहत टीकाकरण का लाभ देना है। सघन मिशन इंद्रधनुष- 5.0 ` में 12 वैक्सीन-प्रीवेंटेबल डिजीज के खिलाफ टीकाकरण शामिल है, नवजात शिशुओं और बच्चों में होने वाली जानलेवा बीमारियों पोलियो, खसरा, रूबेला, रोटा वायरस, डिप्थीरिया, टिटनेस, काली खांसी आदि से बचाने के लिए संपूर्ण टीकाकरण बेहद जरूरी है।

## बैंकों में चलाया गया विशेष जांच अभियान

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कस्बे में स्थित विभिन्न राष्ट्रीय कृत बैंको में शनिवार को बैंक परिसर, बैंक के अंदर अनाधिकृत रूप से घूमने वाले एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच को लेकर अभियान चलाया गया। जिसमें प्रभारी निरीक्षक संजय त्रिपाठी, कांस्टेबल मोहम्मद बिलाल खान, राजकिशोर, धर्मेंद्र सिंह, रोहित यादव, मनीष कुमार, महिला कांस्टेबल काजल सिंह ने एसबीआई, यूनियन बैंक, पीएनबी आदि बैंकों में लोगों की चेकिंग किया।

कोतवाल ने बताया कि बैंक परिसर एवं बाहर मैं संदिग्धों की जांच की जा रही है जिससे किसी प्रकार का कोई अपराध ना हो और बैंक पर आये व्यक्ति अपने काम करने के बाद वापस घर जाए। इस दौरान बैंकों में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे को भी चेक किया गया। सभी कैमरे सही हालत में पाये गये।





